**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 11 | (क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड कसमण्डा के राजस्व ग्राम नवागांव में कोई इंटर कालेज न होने से गांव की लड़कियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जी नहीं। |
| | (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इंटर कालेज का निर्माण करायेंगे? | जी नहीं। |
| | (ग) यदि हॉं, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| | (घ) यदि नही, तो क्यों? | "माध्यमिक शिक्षा विभाग के मानक नियम ( Framework for implementation of Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan ) के बिन्दु संख्या 14.2 के अनुसार ऐसे स्थल पर राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना की जा सकती है जहां प्रस्तावित स्थल के 07 से 10 किमी की परिधि में कोई राजकीय अथवा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय संचालित न हो। |

जिला विद्यालय निरीक्षक, सीतापुर के पत्रांक राज० सेवा / 815-17/2023-24 दिनांक 12 मई 2023 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्यानुसार विकास खण्ड कसमण्डा के राजस्व ग्राम नवागांव में 07-10 किमी की परिधि के अन्तर्गत स्थित राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त / वित्त विहीन मान्यता प्राप्त इण्टर कालेजों की स्थिति निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | विद्यालय का नाम हाईस्कूल/इण्टर कालेज | प्रकार: (राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्त विहीन मान्यता प्राप्त) | शिक्षा-:( सह शिक्षा/बालक शिक्षा) |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय बालिका इण्टर कालेज, कमालपुर | राजकीय | बालिका |
| 2 | आर0बी0एस0बी0एस0 इण्टर कालेज कमालपुर | अशासकीय सहायता प्राप्त | सह शिक्षा |

इस प्रकार विकास खण्ड- कसमण्डा का राजस्व ग्राम नवागांव मानक के अनुसार संतृप्त है।

गुलाब देवी
राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार),
माध्यमिक शिक्षा।

Scanned with OKEN Scanner